प्रादेशिक समाचार

09.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का भव्य उद्‌घाटन किया। इस मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी और अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉलेज के खुलने से कोल्हान क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और राज्य में चिकित्सा शिक्षा को मजबूती मिलेगी।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज न्यायमूर्ति एम. एस. सोनक को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। लोकभवन में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

****

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत पलामू स्थित मेदिनीनगर नगर निगम के मेयर पद को महिला सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। मानगो नगर निगम की मेयर सीट को भी सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार हजारीबाग को अत्यंत पिछड़ा वर्ग, गिरिडीह और आदित्यपुर को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रखा गया है। देवघर और चास नगर निगम को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है।

****

देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने नगर निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मतदान कर्मियों के डेटाबेस, विधि व्यवस्था और आचार संहिता पर दिशा–निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रशिक्षण और फीडबैक मैनेजमेंट पर जोर देते हुए सभी कोषांगों को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने देवघर बाईपास और मधुपुर बाईपास रेल लाइन परियोजना की भी समीक्षा की।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम राज्य मंत्रिपरिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री की आगामी विदेश यात्रा से पहले होने वाली यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। बैठक में राज्य के विकास से जुड़े कई नीतिगत और प्रशासनिक प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विकास और खनन क्षेत्र से संबंधित निर्णय शामिल हो सकते हैं।

****

पाकुड़ सदर अस्पताल में आज प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्‌घाटन अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन और सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। मेले में सैकड़ों ग्रामीणों ने टीबी, मलेरिया और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच कराई व दवाइयां लीं। यहां आयुष्मान कार्ड और दिव्यांगता पंजीकरण की सुविधा भी दी गई। सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ गांवों में रह रहे लोगो तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।

****

एसीबी ने धनबाद रिंग रोड जमीन अधिग्रहण घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए धनबाद, रांची और देवघर सहित पांच जिलों में छापेमारी की। इस दौरान पूर्व भू–अर्जन पदाधिकारी उदयकांत पाठक और पूर्व सीओ विशाल कुमार सहित 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह मामला 2016 से लंबित 34 आरोपियों के खिलाफ चल रही जांच से जुड़ा है।

****

हरियाणा पुलिस ने 17 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में आज धनबाद के झरिया में छापेमारी की। पुलिस ने एक होटल कारोबारी अरुण प्रताप केशरी सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में प्रगति केशरी की संलिप्तता को लेकर जांच चल रही है। उसी पर दबाव बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने उनके पिता अरुण प्रताप केशरी को झरिया थाना लाकर पूछताछ शुरू की है।

*********समाप्त***********